**स्नेह सम्मेलन** | शिक्षा मंत्री ने की नए पाठ्यक्रमों की घोषणा, राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन का भी ऐलान

# मेधावी छात्राओं पर बरसे स्वर्ण पदक



**नवभारत, जबलपुर।** शा. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उल्लास' के द्वितीय दिवस का समापन शैक्षणिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भव्य सम्मान समारोह के साथ हुआ। सुबह सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् के स्वर से गूंजते सभागार में अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। परिसर में रंगीन सजावट, छात्राओं का उत्साह और तालियों की गूंज ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक और गौरवपूर्ण क्षण वह रहा जब मेधावी छात्राओं को गोल्ड मेडल और पुरस्कार प्रदान किए गए। शिक्षा मंत्री ने वनस्पतिशास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की घोषणा भी की, जिससे छात्राओं में शोध और नवाचार के प्रति नया उत्साह देखा गया।

### विकसित भारत 2047 की दिशा में उच्च शिक्षा की भूमिका

मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुध विभाग के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समाहित करने पर जोर दिया। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका को रेखांकित किया। मंत्री ने महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा स्नातक स्तर पर भूगर्भ विज्ञान विभाग खोलने के प्रस्ताव पर विचार व्यक्त किए। साथ ही अतिथि विद्वानों के भविष्य के लिए बेहतर नीति निर्माण का आश्वासन दिया।

### पुस्तक विमोचन और राष्ट्रीय संगोष्ठी की घोषणा

समारोह के दौरान प्राध्यापकों द्वारा रचित पुस्तकों एवं विभागीय पत्रिकाओं का भव्य विमोचन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ला के संरक्षण में आयोजित यह दो दिवसीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूचिका यदु ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. साधना केशरवानी ने किया। पूरे आयोजन में उल्लास, अनुशासन और उपलब्धियों की चमक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

### सूरज बनना है तो सूरज की तरह जलना होगा

विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई ने प्रेरक शब्दों— 'सूरज बनना है तो सूरज की तरह जलना होगा' —से छात्राओं में ऊर्जा का संचार किया। क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पाण्डेय ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए मंत्री महोदय को छात्रहित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने 22 शैक्षणिक एवं 45 गैर-शैक्षणिक पदों की नवीन पदस्थापना का प्रस्ताव रखने की बात कही और छात्राओं को हर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में रत्नेश सोनकर, डॉ. राजेश वर्मा तथा श्रीमती सीमा सिंह जुग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### इनका कहना है



यह उपलब्धि मेरे परिवार और गुरुजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं आगे शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करना चाहती हूं।
**गरिमा शर्मा ( 4 गोल्ड मेडल )**



महाविद्यालय का सकारात्मक वातावरण मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
**नीलम ( 2 गोल्ड मेडल )**



निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही मेरी सफलता का आधार रहे हैं।
**सुरभि अग्रवाल ( 3 स्वर्ण पदक )**



यह सम्मान मेरे लिए नई जिम्मेदारी है, मैं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर समाज सेवा करना चाहती हूं।
**निधि मिश्रा ( 2 गोल्ड मेडल)**

शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में 'उमंग' का आगाज

# स्वर्ण पदकों की झड़ी, छात्राओं के चेहरे चमक उठे







**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग' के अंतर्गत अलंकरण एवं शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। सुबह से ही परिसर में उत्सव जैसा माहौल था। सजी-धजी छात्राओं, सुसज्जित मंच और तालियों की गूंज ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिलाष पांडेय तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा मंचासीन रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं शोध उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया।

### 47 स्वर्ण पदकों से अलंकृत हुई छात्राएं

समारोह का मुख्य आकर्षण अलंकरण रहा, जिसमें स्नातकोत्तर स्तर पर कला एवं वाणिज्य संकाय की मेधावी छात्राओं को 47 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। हिन्दी साहित्य की छात्रा कु. प्रज्ञा लोधी को कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 6 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान कु. प्रीति साहू को प्रदान किया गया।

### द्वितीय चरण में पुरस्कार वितरण

कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त न्यायाधीश अंजुली पालो उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े एवं श्री योगेंद्र सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

### रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

तृतीय चरण में छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कार्यक्रम उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का आधार : मंत्री

मुख्य अतिथि मंत्री परमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, वहीं कुलगुरु प्रो. वर्मा ने ज्ञान व नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बताया।

### इनका कहना है



आज मंच पर सम्मान पाकर बेहद गर्व महसूस हुआ। यह हमारे परिश्रम की पहचान है और आगे और बेहतर करने की प्रेरणा देता है।
**अंशिका ठाकुर ( इंग्लिश लिटरेचर )**



कार्यक्रम का माहौल बहुत प्रेरणादायक था। मंत्री जी के विचारों ने हमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सीख दी।
**आयुषी वर्मा ( इंग्लिश लिटरेचर )**



स्वर्ण पदक समारोह देखना ही उत्साह से भर देने वाला था। हम सभी छात्राओं के लिए यह यादगार दिन रहेगा।
**धनवी पांडे ( इंग्लिश लिटरेचर )**



यह सम्मान मेरे लिए जिम्मेदारी भी है कि मैं समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाऊं।
**स्मृति नेमा ( एमए, पॉलिटिकल साइंस - एकेडमिक पुरस्कार )**

महाविद्यालय का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही मेरी सफलता की कुंजी है। यह उपलब्धि पूरे परिवार और कॉलेज को समर्पित है।
**खुशी सोनी ( बीकॉम टॉपर )**

## एक नजर में



### शोभायात्रा के साथ मनाया प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस

**नवभारत,जबलपुर।** प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास स्थित मंदिर में श्री श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा, अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रोशनी दीदी (किन्नर) द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित धर्मेंद्र यादव, राजा सोनकर, मोनू चौहान, ओम नारायण दुबे, माया सिंह, मंजू दुबे, अंकित सोनकर एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### डिजिटल तकनीक से कैशलेस ट्रांजेक्शन को मिल रहा बढ़ावा

**नवभारत,जबलपुर।** रेल यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से कैशलेस ट्रांजेक्शन सुविधा की उपयोगिता को निरंतर बढ़ाने के लिए भारतीय रेल प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल द्वारा भी यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आधुनिक भुगतान विकल्प उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स तथा पार्सल कार्यालयों में पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही यात्रियों को यूपीआई भीम एवं मोबाइल टिकटिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने और भुगतान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने पीआरएस एवं यूटीएस के माध्यम से 09 लाख 77 हजार 401 यात्रियों से 11 करोड़ 58 लाख 4 हजार 215 रुपये का कैशलेस ट्रांजेक्शन के माध्यम से रेलवे राजस्व अर्जित किया है, जिसमें कॉम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली में लगी पीओएस मशीनों से 10,22,235 एवं यूपीआई/भीम ऐप से 4,80,25,395 राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) में मोबाइल टिकटिंग से 1,00,42,150 एवं यूपीआई भीम ऐप से 5,67,14,435 राजस्व अर्जित किया है।

### व्हाट्सएप ग्रुप से मुस्तैद होगी रेल रक्षा समिति

**नवभारत,जबलपुर।** जीआरपी द्वारा रेल सुरक्षा समिति के सदस्यों के लिए एक विशेष जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों को आई-कार्ड और टी-शर्ट वितरित किए गए। इस आयोजन में जबलपुर जोन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे गाडरवारा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सतना, अनूपपुर और शहडोल के सभी थानों एवं चौकियों के समिति सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने सदस्यों को अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सदस्यों को बताया गया कि रेलवे स्टेशनों पर होने वाले अपराधों को रोकने में वे पुलिस की मदद कैसे कर सकते हैं। साथ ही, उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया ताकि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। समिति के सदस्यों को विशेष टी-शर्ट और आईडी कार्ड देने का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करना है। इससे आम जनता और रेल कर्मचारी उन्हें आसानी से पहचान सकेंगे, जिससे उनके कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगी। तकनीकी रूप से पुलिस और सदस्यों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। इसके माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से हो सकेगा। प्रशासनिक सहयोग के लिए आरपीएफ और डिप्टी एसएस को भी इन सदस्यों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जीआरपी अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से रेलवे सुरक्षा तंत्र और अधिक मजबूत होगा और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

# मातृभाषा का सम्मान, अपनी संस्कृति का सम्मान है : प्रो . शुक्ल



**अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर व्याख्यान एवं शपथ कार्यक्रम**

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर व्याख्यान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, ने कहा कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति, परंपरा और संवेदनाओं की जीवंत धारा है। हम जिस भाषा में सोचते है, अपने भाव व्यक्त करते है, वही हमारी मातृभाषा है। हमारी मातृभाषा हमें समाज और परिवार से जोड़ती है। मातृभाषा का सम्मान, अपनी संस्कृति का सम्मान है। इस अवसर पर प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा शपथ ली गई कि वह अपनी मातृभाषा का सम्मान और नियमित उपयोग करेंगे और दैनिक जीवन में मातृभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी, डॉ. मृत्युजय सिंह, डॉ. शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. विभा निगम, डॉ. मीना केलर, डॉ. चित्रा राय, डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. नीलू रघुवंशी, डॉ. रविश तमन्ना, डॉ. विभा चौधरी, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, डॉ. रानु रंगडाले, डॉ. उमा धुर्वे, डॉ. नीलिमा के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहें।



### डॉ . कारमोरे एकेडमिक अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज के डॉक्टर एस के करमोरे, प्राध्यापक (एनाटॉमी विभाग) को छिंदवाड़ा में 18 से 20 फरवरी 2026 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इन्नोवेटिव एंड डेडीकेटेड एकेडिमिशयन' अवार्ड से नवाजा गया। यह अवॉर्ड विशेष रूप से वेटनरी साइंस के क्षेत्र में डॉ. कारमोरे के शिक्षण, शोध, शैक्षणिक नवाचार तथा प्रभावी प्रशासकीय नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा को अकादमिक दृष्टि से सुदृढ़ करने, सतत विकास को प्रोत्साहित करने तथा 'विकसित भारत-2047' के विज़न में उनके योगदान को भी सराहा गया।

# सात वर्ष के आयुष को मिला नया जीवन

**मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से हृदय का हुआ सफल ऑपरेशन**



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से सात वर्ष के आयुष कोल को नया जीवन मिला है। पनागर के ग्राम मोहनिया के निवासी प्रीतम कोल के पुत्र आयुष के हृदय की मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से स्वीकृत राशि से 14 फरवरी को नारायणा हृदयालय मुम्बई में सफल सर्जरी की गई। आयुष जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। यह जानकारी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने मोहनिया पहुँची राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को लगी। इसके बाद जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक से उसकी जांच कराई गई तथा मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत प्रकरण तैयार कर परिवारजनों की सहमति लेकर आयुष को नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया।

# अभा कुर्मी क्षत्रिय सभा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ

**राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में समाज उत्थान व संगठन मजबूती पर मंथन**



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ शनिवार को कुर्मी सेवा संस्थान, जबलपुर में हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजबिहारी पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूँ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश प्रसाद पटेल (पूर्व अध्यक्ष, कुर्मी सेवा संस्थान) ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं कुर्मी समाज समूह गान से हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया। बैठक में प्रदेश के नवगठित जिलों की कार्यकारिणी पर चर्चा, सदस्यों का परिचय, संगठन विस्तार की रणनीति, सक्रिय सदस्यता अभियान, वार्षिक सदस्यता शुल्क, प्रादेशिक बैंक खाते के संचालन, स्वैच्छिक अनुदान व्यवस्था तथा प्राप्त राशि के उपयोग पर विस्तृत मंथन हुआ। स्वागत समिति के अध्यक्ष के.पी. पटेल, संभागीय अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, जिला अध्यक्ष राजकिशोर पटेल, सविता पटेल, अल्का पटेल तथा उमिया परिवार के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। आयोजक मंडल से एड, रुपेश पटेल, एड रमेश पटेल, कामता पटेल,डी.पी.पटेल, अजय पटेल, अरविन्द पटेल, अनिल पटेल, ब्रजेश पटेल आदि उपस्थित थे।

**कार्यशाला** | रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मिक्स मीडिया आर्ट कार्यशाला का दूसरा दिन

# लिप्पन आर्ट की बारीकियां सीख प्रतिभागियों ने दिखाई रचनात्मकता






**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौशल विकास विभाग द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय मिक्स मीडिया आर्ट कार्यशाला का दूसरा दिन उत्साह और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर रहा। दूसरे दिन प्रतिभागियों को पारंपरिक लिप्पन आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। आमंत्रित प्रशिक्षिका श्रेया जैन ने विद्यार्थियों को लिप्पन आर्ट की बारीक तकनीकों, डिजाइन चयन, मिरर वर्क तथा उभार (रिलीफ) तैयार करने की विधि विस्तार से समझाई। प्रतिभागियों ने आकर्षक डिजाइनों का निर्माण कर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षिका ने बताया कि लिप्पन आर्ट गुजरात की पारंपरिक मिट्टी एवं दर्पण आधारित कला है, जिससे दीवारों और सजावटी पैनलों को आकर्षक रूप दिया जाता है। कार्यशाला का अंतिम दिवस सोमवार को आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों को टेक्सचर आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### स्वरोजगार की दिशा में उपयोगी पहल

कार्यक्रम कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा आयोग की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइन के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि समापन अवसर पर 50 से अधिक पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। विद्यार्थियों ने कार्यशाला को कौशल विकास और स्वरोजगार की दिशा में उपयोगी पहल बताया। कार्यक्रम में डॉ. मीनल दुबे, डॉ. तरुणा राठौर, डॉ. मुक्ति मिश्रा, सुश्री जोहफिशा मंसब अंसारी एवं सुश्री रविता सिंह उपस्थित रहीं।




### रिटेल मेगा क्रेडिट आउटरीच अभियान का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जिला अग्रणी बैंक, जबलपुर द्वारा रिटेल मेगा क्रेडिट आउटरीच अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश ?नर राम प्रकाश अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।निगमायुक्त ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान योजना' का अधिक प्रचार प्रसार करने और इस योजना के अंतर्गत अधिकतम लोगों को फायदा पहुंचाने का संदेश दिया। इस शिविर में उन्होंने कई हितग्राहियों को पीएम ए वाई योजना के अन्तर्गत स्वीकृत ऋणों की स्वीकृति पत्र प्रदान की। इस अवसर पर अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित रहे।